# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर–272202
## उ0प्र0 (भारत) Email Id: sidunikapilvastu@gmail.com

दिनांक : 03/06/2025

सेवा में,

समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/विभाग प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्याल, कपिलवस्तु

एवं

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, सम्बद्ध–सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु

**विषयः** सत्र 2024–25 की विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम्पन्न स्नातकोत्तर की सम सेमेस्टर परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम की **(स्नातकोत्तर कक्षाओं)** 2024–25 की सम सेमेस्टर परीक्षा की निम्नलिखित विषयों की उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार प्रारम्भ हो रहा है:–

| दिनांक | पाठ्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| 05/06/2025 | कला संकाय<br>अंग्रेजी II & IV, भूगोल II & IV | कला संकाय भवन<br>सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर |

***नोटः स्नातकोत्तर कक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या सीमित है। अतः परीक्षकगण मूल्यांकन समन्वयक से वार्ता (प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे के मध्य) करके ही मूल्यांकन केन्द्र पर पधारने का कष्ट करें।**

अतएव यह अनुरोध है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकगण को मूल्यांकन कार्य हेतु विश्वविद्यालय परिसर स्थित मूल्यांकन केन्द्र पर भेजने का कष्ट करें।

**कृपया स्ववित्तपोषित महाविद्यालय तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के शिक्षकगण निम्नलिखित प्रपत्र अवश्य प्रस्तुत करें।**

1. सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा निर्गत फोटो युक्त अद्यतन अनुभव प्रमाण–पत्र (स्नातकोत्तर कक्षा में न्यूनतम तीन वर्ष का सतत एवं अद्यतन अध्यापन अनुभव) की मूल प्रति जमा करनी होगी।
2. कुलसचिव द्वारा निर्गत स्नातकोत्तर कक्षा हेतु अनुमोदन प्रपत्र की छायाप्रति सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए।
3. आवश्यक होने पर अनुमोदन प्रपत्र सम्बन्धित विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
4. न्यूनतम 6 माह का सतत् माहवार अद्यतन सैलरी स्टेटमेन्ट एवं अपडेटेड बैंक पासबुक प्रपत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति जमा करनी होगी तथा मूलप्रति साथ में रखें।
6. विषय/प्रश्न–पत्र का मूल्यांकन समाप्त होने के दिन परीक्षकगण अपना बिल प्रस्तुत कर दें।

(डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह)
समन्वयक, मूल्यांकन 2025
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

सूचनार्थ प्रति–

1. कुलानुशासक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. परीक्षा नियन्त्रक (गोपनीय अनुभाग), सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. अभिरक्षक/प्रभारी, यशोधरा महिला छात्रावास, आनन्द छात्रावास एवं अतिथि गृह।
5. सह–समन्वयक, मूल्यांकन केन्द्र, कला संकाय भवन।
6. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
8. प्रभारी, कोडिंग सेल, कॉलेज लॉगिन एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
9. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षण हेतु।